बी सी एम स्कूल बसंत एवेन्यू दुगरी लुधियाना

कक्षा चौथी विषय हिंदी

दिनांक 27.4.23

प्रश्न 1 निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दें।

हजारों साल पहले दक्षिण भारत में एक राजा राज्य करता था। उसके तीन पुत्र थे। तीनों आलसी और बुद्धू थे, जिसके कारण उनका मन पढ़ाई में नहीं लगता था। राजा ने उन्हें शिक्षा दिलवाने का बहुत प्रयास किया, परंतु सब व्यर्थ रहा। तब उन्होंने एक प्रसिद्ध विद्वान विष्णु शर्मा को अपने दरबार में बुलवाया और राजकुमारों को सुधारने का उत्तरदायित्व उन्हें सौंप दिया। विष्णु शर्मा ने राजा को आश्वासन दिया कि वह केवल छ:महीनों में राजकुमारों को नीति- निपुण बनाकर राजकाज चलाने में सक्षम बना देंगे। अपना वचन निभाने के लिए उन्होंने राजकुमारों को पंचतंत्र की मन बहलाने वाली नीति कथाएँ सुनानी आरंभ की। परिणाम स्वरूप वे शिक्षा में रुचि लेने लगे।

क)प्रश्न:- राजा के पुत्र कैसे थे?

ख)प्रश्न:-पंचतंत्र में कैसी कथाएँ थी?

ग)प्रश्न:-राजकुमारों को सुधारने के लिए राजा ने किसे बुलवाया?

घ)प्रश्न:राजा कहाँ राज्य करता था?

ड.)वाक्य पूरा करो।

राजा के पुत्रों का मन पढ़ाई ..................।

II) क)लिंग बदलो।

1)कवि 2)मालकिन

ख) वचन बदलो।

1 )मिठाइयाँ 2) घड़ी

III)संज्ञा छाँटकर उसके भेद लिखो।

क) चारों ओर हरियाली छाई हुई है।

ख)अध्यापक पढ़ा रहे हैं।

IV) अनुस्वार या अनुनासिक लगाओ।

क) चदन ख) आख

V) खाली स्थान भरो।

क)वर्णमाला मे.......... स्वर होते हैं।

ख)संयुक्त व्यंजन.......... होते हैं।

ग) पवर्ग का तीसरा वर्ण....... है।

घ)संज्ञा के .......... भेद होते है।

VI )अर्थ लिखकर वाक्य बनाओ।

उम्र ,परोपकारी

VI)I निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो।

1 लड़का पेड़ के साथ कौन सा खेल खेलता था?

2. युवक क्या काट कर घर ले गया?